एक नजर

सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

श्रावस्ती। थाना हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के जमुनहा बहराइच मार्ग पर बदला चौराहा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में जलसे से लौट रहे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना मल्हीपुर क्षेत्र के गनेशपुर निवासी मोहम्मद कारी इलियास पुत्र मुबारक अली पकडिया गांव में एक जलसा में शामिल होने गए थे। मंगलवार देर रात वह जलसा संपन्न होने के बाद अपनी बाइक से वापस अपने घर गनेशपुर लौट रहे थे।जैसे ही उनकी बाइक बदला चौराहा के पास पहुँची, तभी नानपारा की तरफ से आ रही केला लदी एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहम्मद कारी इलियास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। **चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी** हादसे के तुरंत बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस वाहन नंबर और आसपास के लोगों की मदद से फरार पिकअप चालक की तलाश कर रही है। इस अचानक हुई दुर्घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात पिकप वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जा हो गया हैगिरंट थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि सीसी कैमरे की मदद से पिकप की तलाश की जा रही है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाईदूज का पर्व

श्रावस्ती। भाई-बहन के प्रेम का पर्व भाई दूज का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की।भाइयों ने भी बहनों को उपहार दिए। बहनों ने रोली, चंदन और अक्षत से तिलक कर आरती उतारी। बाजारों में चूरे, मिठाई और पूजा सामग्री की दुकानों पर भीड़ रही। बच्चों में भी पर्व को लेकर उत्साह दिखाई दिया।धार्मिक मान्यता के अनुसार, सूर्यदेव की संतान यमराज और यमुना भाई-बहन थे। यमुना ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर यमराज को घर बुलाया था। उनके पहुंचने पर यमुना ने तिलक लगाकर स्वागत किया और भोजन कराया। प्रसन्न होकर यमराज ने वरदान मांगने को कहा तो यमुना ने कहा कि इस दिन जो बहन अपने भाई का तिलक कर आदर-सत्कार करे, उसके भाई को यमराज का भय न रहे। तभी से यह पर्व यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाया जाने लगा।

गिरंट थाना क्षेत्र में मां लक्ष्मी गणेश प्रतिमा विसर्जित



गिरंट बाजार श्रावस्ती। विकास क्षेत्र जमुनहा के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में 13 स्थानों पर प्रतिमा रखकर धनतेरस से सुबह शाम चल रही मां लक्ष्मी जी भगवान श्री गणेशजी महाराज कुबेर जी की धूम धाम से पूजा अर्चना से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा है। बुधवार को गिरंट बाजार श्री हनुमानजी के मंदिर पर मां की आरती करने के लिए भीड़ रही। इसी तरह जयलाल पुरवा गांव व नव्वापुरवा भी सुबह आरती में लोग सामिल हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष मंन्टू यादव ने बताया हरदत्त नगर गिरंट में 9 मां की प्रतिमाओं को रखकर पूजा अर्चना चल रही है। जिसका विसर्जन गाजे बाजे के साथ गुरुवार को भाकला नदी पुल चौबे डीह घाट पर होगा। दूसरी तरफ राजापुर पुरैना हद्दू गांव की मां प्रतिमा देवरा सरयू नहर में विसर्जित किया जायेगा। जबकि हरबंशपुर के जब्दी की मां की प्रतिमा मटेरा थाना क्षेत्र के सरयू नहर में विसर्जन की जायेंगी। वहीं बेगमपुर , अचरौरा शाहपुर के लक्ष्मनपुर बुधवार को मां की प्रतिमा विसर्जन जमुनहा बहराइच मार्ग के बाबा जंगल दास कुट्टी भाकला नदी पुल घाट पर किया जा रहा है।

भैंस चोरी का खुलासा,दो आरोपित गिरफ्तार

कटरा शिवदयालगंज गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र में पशु चोरी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी गई दोनों भैंसों को भी सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से पशुपालक को राहत मिली है।जानकारी के अनुसार, नवाबगंज क्षेत्र के काजीपुर निवासी जिगर अली पुत्र हुकुम अली ने 10 नवंबर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि छह नवंबर की मध्यरात्रि उनके दरवाजे पर बंधी दो भैंसों को अज्ञात चोर खोलकर उठा ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी मवेशियों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सुराग जुटाते हुए तेजी से कार्रवाई की और 24 घंटे के भीतर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी गई दोनों भैंसें भी बरामद कर ली गईं।थानाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। बरामद भैंसों के संबंध में भी नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष यादव, पंकज यादव और गुलाब चन्द्र यादव शामिल रहे।

राजस्थान की चांदी फैक्ट्री से चोरी कर नवाबगंज में छिपा था आरोपित

कटरा शिवदयालगंज (गोंडा)। राजस्थान की एक चांदी फैक्ट्री में चोरी की घटना को अंजाम देकर नवाबगंज में छिपे एक आरोपित को राजस्थान पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। नवाबगंज ब्लॉक के सामने स्थित पड़ाव दलित बस्ती में दबिश देकर आरोपित को उसके घर से पकड़ा। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी के दौरान चोरी की चांदी भी बरामद हुई है। गिरफ्तारी के बाद राजस्थान पुलिस आरोपित को अपने साथ ले गई। गिरफ्तार आरोपित मनीष पुत्र प्रहलाद नवाबगंज के पड़ाव दलित बस्ती का निवासी है। बताया जाता है कि वह राजस्थान स्थित एक चांदी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। आरोप है कि इसी दौरान उसने फैक्ट्री से भारी मात्रा में चांदी चोरी कर ली और अपने गृह क्षेत्र नवाबगंज आकर छिप गया।फैक्ट्री में चोरी की घटना की जांच कर रही राजस्थान पुलिस को आरोपित के नवाबगंज में छिपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद राजस्थान पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने स्थानीय स्तर पर कार्रवाई की योजना बनाई। बुधवार को टीम ने नवाबगंज ब्लॉक के सामने स्थित पड़ाव दलित बस्ती में उसके घर पर अचानक छापा मारा और घेराबंदी कर मनीष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घर की तलाशी के दौरान चोरी की चांदी भी बरामद की है। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद राजस्थान पुलिस आरोपित को अपने साथ ले गई। वहां उससे फैक्ट्री में हुई चोरी और बरामदगी के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

टिकरी जंगल में खड़ी डीसीएम से भिड़ी कार, मां-बेटा समेत तीन घायल

गोंडा। टिकरी जंगल में सड़क पर अंधेरे में खड़ी डीसीएम से एक कार टकरा गई। हादसे में कार सवार मां-बेटा और उनकी भतीजी घायल हो गए। राहगीरों की मदद से तीनों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद कार चालक और उसकी भतीजी को छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए गोंडा रेफर किया गया।मिश्रौलिया कला निवासी अमन मिश्रा (26) पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा मंगलवार को अपनी मां गीता मिश्रा (52) और भतीजी ममता (24) पत्नी सुधाकर मिश्रा के साथ मायके भगोहर गया था। रात में वापस लौटते समय अमन कार चला रहा था। टिकरी जंगल में रुदापुर सम्मय स्थान से कुछ आगे पहुंचते ही सड़क पर अंधेरे में खड़ी डीसीएम से कार जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया।

कायस्थों की कलम ने इतिहास ही नहीं भारत का भविष्य भी गढ़ा-डा. श्रीवास्तव

कलम-दवात पूजन पर संगोष्ठी में डॉ. जीसी श्रीवास्तव ने कश्मीर की ऐतिहासिक विरासत और राष्ट्र- निर्माण में कायस्थ समाज के योगदान को रेखांकित किया



गोण्डा। कायस्थ समाज की ऐतिहासिक पहचान केवल लेखन और प्रशासन तक सीमित नहीं रही, बल्कि देश की बौद्धिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। कायस्थों की कलम ने केवल इतिहास नहीं लिखा, बल्कि भारत का भविष्य भी गढ़ा है। यह विचार डॉ. जीसी श्रीवास्तव ने ग्रेटर नोएडा स्थित भगवान चित्रगुप्त सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कलम-दवात पूजन एवं संगोष्ठी में व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का गौरव उसके इतिहास, उपलब्धियों और राष्ट्र के प्रति योगदान से स्थापित होता है।

कश्मीर के इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी विरासत केवल राजाओं और सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि सभ्यता, संस्कृति, साहित्य और प्रशासनिक परंपराओं में भी कायस्थ समाज की भूमिका का उल्लेखनीय पक्ष रहा है।डॉ. श्रीवास्तव ने बारहवीं शताब्दी के इतिहासकार कल्हण की कृति *राजतरंगिणी* का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें कश्मीर के विभिन्न राजवंशों, शासकों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का विस्तृत वर्णन मिलता है। प्राचीन कश्मीर में कायस्थ शब्द का संबंध राजकीय लेखन, राजस्व संग्रह, भूमि अभिलेख और प्रशासनिक दायित्वों से जुड़े पदों से भी रहा है।इस अवसर पर चित्रांश राघव सिन्हा ने इतिहासकार पीएनके बमजई की पुस्तक कल्चर एंड पोलिटिकल हिस्ट्री ऑफ़ कश्मीर का हवाला देते हुए कश्मीर की प्रशासनिक व्यवस्था में कायस्थ शब्द के ऐतिहासिक संदर्भों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राचीन काल में इस शब्द का प्रयोग हमेशा आधुनिक वंशानुगत जातिगत पहचान के अर्थ में नहीं होता था। कार्कोट वंश के संस्थापक दुर्लभवर्धन से जुड़े **अश्वघासकायस्थ** संदर्भ का उल्लेख करते हुए उन्होंने ऐतिहासिक तथ्यों और आधुनिक जातिगत पहचान के बीच अंतर समझने की आवश्यकता बताई। संगोष्ठी में कश्मीर की सांस्कृतिक विरासत, ललितादित्य मुक्तापीड़, अवन्तिवर्मन और रानी दिद्दा के शासनकाल, शाह मीर वंश की स्थापना तथा डोगरा शासन के ऐतिहासिक प्रसंगों पर भी चर्चा हुई।कायस्थ प्रमुख संजय सक्सेना ने कहा कि कश्मीर किसी एक जाति, धर्म अथवा समुदाय की जागीर नहीं, बल्कि भारत की साझा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इसके इतिहास में कश्मीरी पंडितों, डोगरा शासकों और कायस्थ समाज सहित सभी वर्गों के योगदान का निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए।

वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कायस्थ समाज की प्रशासनिक, साहित्यिक और बौद्धिक विरासत का प्रमाणिक दस्तावेजीकरण जरूरी है, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास और योगदान से परिचित हो सके। राजीव मिहिर ने कहा कि समाज का गौरव दूसरे को छोटा दिखाने से नहीं, बल्कि अपने वास्तविक योगदान को प्रमाणों के साथ सामने लाने से बढ़ता है। इतिहास किसी की बपौती नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की साझा धरोहर है।

दोनों मोटरसाइकिलों के उड़े परखच्चे पुलिस शिनाख्त में जुटी

अम्बेडकरनगर। जहांगीरगंज थाना क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी के निकट बुधवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। जहांगीरगंज थाने से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने.सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलों के परखच्चे उड़ गए और उन पर सवार लोग सड़क पर दूर जा गिरे। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों समेत सभी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।हादसे की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

ज्ञान, लेखनी और सद्बुद्धि के आराध्य भगवान चित्रगुप्त के साथ कलम-दवात का पूजन



कैसरगंज, बहराइच तहसील कैसरगंज क्षेत्र में कायस्थ परिवारों ने अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज की पूजा-अर्चना श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ की। इस पावन अवसर पर परिवारों में खुशियों का माहौल रहा। घरों को साफ-सुथरा कर पूजा की विशेष तैयारियां की गईं। परिवार के सभी सदस्यों ने एकत्र होकर भगवान चित्रगुप्त महाराज के समक्ष शीश नवाया और सुख, शांति, समृद्धि तथा उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।इस अवसर पर कलम और दवात की विशेष पूजा की गई। कायस्थ समाज में कलम-दवात को ज्ञान, शिक्षा, बुद्धि, लेखन और कर्म का प्रतीक माना जाता है। पूजा के दौरान कलम, दवात और पुस्तकों को विधि-विधान से स्थापित कर रोली, अक्षत, पुष्प, धूप और दीप अर्पित किए गए। भगवान चित्रगुप्त महाराज की आरती उतारी गई और परिवार के लोगों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान चित्रगुप्त महाराज समस्त जीवों के अच्छे-बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं। उन्हें धर्मराज का सहयोगी और न्याय का प्रतीक माना जाता है। कायस्थ समाज उन्हें अपना कुल आराध्य मानकर विशेष श्रद्धा के साथ पूजता है।पूजन पर्व के दौरान बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खास उत्साह दिखाई दिया। घरों में पूजा-पाठ, प्रसाद और पारिवारिक मिलन के साथ उत्सव जैसा वातावरण बना रहा। बच्चों को भगवान चित्रगुप्त महाराज की महिमा और कलम-दवात की पूजा के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के बारे में बताया गया।यह पर्व केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि परिवार में एकता, संस्कार, शिक्षा और सदाचार की परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश भी देता है। भगवान चित्रगुप्त महाराज से सभी ने प्रार्थना की कि प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे, बच्चों को शिक्षा और सफलता मिले तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारा कायम रहे।अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ पूजा संपन्न हुई। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

संस्थापिका इन्दर कौर सचदेवा की पुण्यतिथि पर मेधावियों का सम्मान



शिवदयालगंज गोंडा। सरदार प्रताप सिंह मेमोरियल सचदेवा एकेडमी, नवाबगंज में बुधवार को विद्यालय की संस्थापिका स्वर्गीय इन्दर कौर सचदेवा की 22वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों, प्रबंधन और अतिथियों ने संस्थापिका के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों का उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में नर्सरी के अयांश प्रताप सिंह, एलकेजी के चंद्रांशु सिंह एवं पृषा गुप्ता तथा यूकेजी की अंजली ठाकुर शामिल रहीं।कक्षा एक से आठ तक के मेधावी विद्यार्थियों में आकर्ष आर्य, दीपश्री कौशल, अनमोल यादव, मोहम्मद हारिश, रितिका सिंह, आयुषी श्रीवास्तव, विशाल कुमार भारती और माही सिंह प्रमुख रहे।इस अवसर पर मोहम्मद शमीम, इशहाक रैनी, रीता गुलाटी, पेशकार सिंह और विजय शंकर मिश्रा सहित संस्था के पदाधिकारी, शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि संस्थापिका इन्दर कौर सचदेवा ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके आदर्शों और शैक्षिक मूल्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हजरत फातिमा जहरा की शहादत दिवस पर तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित



अम्बेडकरनगर। नगर के लोरपुर ताजन स्थित मस्जिद हुसैनाबाद में हजरत फातिमा जहरा के शहादत दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। मशहूर आलिमेदीन एवं शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद हाशिम अली रिजवी हल्लौरी के नेतृत्व में आयोजित सेमिनार में अज़ा फ़ातमिया का उद्देश्य खुत्ब फ़ेदकिया का महत्व तथा समाज पर अज़ाए फ़ातमिया के प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

इमीग्रेशन उप निरीक्षक को उत्कृष्ट सेवाओं व सामाजिक कार्यों के लिए किया गया सम्मानित



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा इमीग्रेशन चेक पोस्ट पर तैनात उप निरीक्षक आशुतोष दुबे को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति समर्पण भाव से किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। आपको बताते चले कि आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा के चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने उन्हें अंग वस्त्र स्मृति चिह्न दीपावली की मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उनके कार्यों की जमकर सराहना की गई।

नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य ने कहा कि आशुतोष दुबे ने अपने सरकारी दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठ के साथ साथ सामाजिक कार्यों में भी सराहनीय योगदान रहा है सीमावर्ती क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते हुए समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता और जनहित के कार्यों में सक्रियता प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की वास्तविक पहचान केवल उसके पद से नहीं, बल्कि उसके कार्यों और समाज के प्रति उसके समर्पण से होती है। आशुतोष दुबे ने अपने कार्यों से इस बात को सार्थक किया है।

ज्ञातव्य हो कि इसी वर्ष आशुतोष दुबे को भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव बहराइच द्वारा उनकी ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और समाज के लिए किए गए अनुकरणीय कार्यों के लिए %अति उत्कृष्ट सेवा मेडल% से सम्मानित किया जा चुका है। यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान उनकी सेवा भावना, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट योगदान का परिचायक है।आशुतोष दुबे का मानना है कि सरकारी सेवा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और आमजन के प्रति सेवा का अवसर भी है।

इसी भावना के साथ वे अपने दायित्वों का निर्वहन करने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सहभागिता निभाते रहे हैं। उनके कार्यों की क्षेत्र में लगातार सराहना हो रही है।इस अवसर पर अजीत शुक्ला एवं प्रशांत पांडेय (इमीग्रेशन सहायक अधिकारी) भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत चेयरमैन ने आशुतोष दुबे को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपनी सेवाओं और सामाजिक कार्यों के माध्यम से क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।सम्मान प्राप्त करने पर आशुतोष दुबे ने नगर पंचायत चेयरमैन डॉ. उमाशंकर वैश्य का बहुत-बहुतआभार व्यक्त किया।

एक नजर

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

बलरामपुर। जिले में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाईदूज का पर्व बडे ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित तीनों तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई। बहनों ने विधि-विधान से पूजन कर अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की। पर्व के अवसर पर बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार भाइयों का स्वागत किया। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट किए और जीवनभर उनकी रक्षा एवं सम्मान का संकल्प लिया। इस दौरान परिवारों में खुशी और उत्सव का माहौल बना रहा। दूर-दराज रहने वाले भाई-बहन भी इस पावन अवसर पर एक-दूसरे से मिलने पहुंचे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भाई दूज का संबंध भगवान सूर्य के पुत्र यमराज और उनकी पुत्री यमुना से जुडा हुआ है। पौराणिक कथा के मुताबिक यमुना ने अपने भाई यमराज को अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित किया था। यमराज अपनी बहन के घर पहुंचे तो यमुना ने उनका आदर-सत्कार किया और उनके माथे पर तिलक लगाकर मंगलकामना की। बहन के स्नेह और सत्कार से प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान दिया कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर उससे तिलक करवाएगा, उसे सुख-समृद्धि और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

मां लक्ष्मी और श्रीगणेश प्रतिमा का धूमधाम किया गया विसर्जन



उतरौला/बलरामपुर। नगर में दीपावली के मौके पर मां लक्ष्मी और श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन करने के लिए धूमधाम से शोभा यात्रा गुरुवार को निकाली गई। इस शोभा यात्रा में सैकडों श्रद्धालु शामिल हुए, जिसके बाद प्रतिमाओं को पिपरा घाट पर स्थित राप्ती नदी में विसर्जित किया गया। विसर्जन की तैयारियां गुरुवार सुबह से ही शुरू हो गई थीं। पूजा पंडालों से प्रतिमाओं को ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रखकर सजाया गया। विसर्जन यात्रा से पहले मां लक्ष्मी और श्रीगणेश की विधिवत पूजा-अर्चना और हवन भी किया गया। शोभा यात्रा के दौरान भक्तों ने खूब अबीर- गुलाल उडाया और डीजे की धुन पर जम कर नृत्य किया। श्रद्धालुओं ने मां लक्ष्मी और श्रीगणेश के जयकारे लगाए, प्रतिमाओं को फूलों की मालाओं से सजाया और जगह- जगह आरती कर पुष्प वर्षा भी की गई। शोभा यात्रा में जय श्रीराम के नारे भी लगाए गए। यह शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राप्ती नदी के पिपराघाट पर पहुंची। हर साल की तरह इस साल भी पिपराघाट पर मां लक्ष्मी और श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने वार्डर सुरक्षा की कसी कमर,सघन चेकिंग अभियान शुरू



तुलसीपुर/बलरामपुर। भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाए रखने के लिए जनपदीय पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने कमर कस ली है। सीमा क्षेत्र में प्रतिदिन विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कोइलाबांस बॉर्डर सहित अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने फुट पेट्रोलिंग ,पैदल गश्त कर सघन चेकिंग की। संयुक्त टीम ने सीमा से सटे रास्तों, पगडंडियों और जंगली क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली गई। सीमा पर तैनात जवानों को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान अवैध तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गौ तस्करी, अवैध कटान, अवैध खनन, अवैध घुसपैठ एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम ने सीमावर्ती गांवों, संवेदनशील स्थलों और भीडभाड वाले क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों और संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित किया गया। उन्हें संदिग्ध व्यक्ति, अनजान वाहन या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया।

कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के 117 लाभार्थियों को मिले 3.51 करोड़ रुपये



अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत जनपद के 117 लाभार्थियों के बैंक खातों में तीन करोड़ 51 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई। बुधवार को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में कटेहरी विधायक धर्मराज निषादए जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा और अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध रंजीत कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान जनपद के 15 लाभार्थियों को स्वीकृत सहायता राशि के डेमो चेक भी प्रदान किए गए।जनपद में योजना के तहत कुल 77 दावों के सापेक्ष 117 लाभार्थियों को यह धनराशि उपलब्ध कराई गई है। योजना का उद्देश्य दुर्घटना में मृत अथवा प्रभावित किसानों और उनके पात्र आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान कर संकट की घड़ी में परिवार को संबल देना है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थी परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

सभी आरोपितों को भेजा न्यायालय

अम्बेडकरनगर। अलीगंज थाना क्षेत्र में जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते और जामा तलाशी के दौरान कुल 1800 रुपये बरामद किए हैं। सभी के खिलाफजुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी देवेश चतुर्वेदी और क्षेत्राधिकारी टांडा प्रदीप कुमार चंदेल के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया जा रहा है।